Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-07-2022 | अंक 279

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## चतरा पुलिस ने 1.5 किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : 24 घंटे के अंदर चतरा पुलिस की ओर से तस्करों के विरुद्ध एक और बड़ी कार्रवाई। लगातार चल रही पुलिसिया कार्रवाई से तस्करों व अपराधियों में मची है दिलों में खलबली। 1.5 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तार तस्कर के पास से दो बाइक और एक मोबाइल भी किया गया जब्त। यह जानकारी सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली थी गुप्त सूचना। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने गिद्धौर थाना अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई पहले उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बलबल (दुआरी) के पास एवं गिद्धौर पांडे टोला स्थित सुरेंद्र दांगी पिता प्रयाग दांगी के घर पर छापामारी किया गया।छापामारी के क्रम में ग्राम गिद्धौर पांडे टोला से 1.5 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ सुरेंद्र दांगी पिता प्रयाग दांगी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुरेंद्र दांगी पिता प्रयाग दांगी गिद्धौर पांडे टोला थाना गिद्धौर जिला चतरा के रहने वाला है। छापेमारी टीम में सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज कुमार, विकास सेठ, महेश प्रसाद, पप्पू कुमार, शनिचरा उरांव, अमृत मिंज, उमेश प्रसाद, नरेंद्र प्रजापति एवं सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अंगरक्षक थें शामिल।

## बकरीद को देखते हुए बरही प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बकरीद को देखते हुए बरही के शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर शनिवार को बरही एसडीओ पूनम कुजूर के नेतृत्व में बरही थाना से होते हुए चारो रोड में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं फ्लैग मार्च में बरही एसडीपीओ के अलावा बरही थाना प्रभारी ललित कुमार सहित सैकड़ों पुलिस बल शामिल थे। एसडीओ ने बताया की बकरीद को देखते हुए बरही में फ्लैग मार्च निकाला गया है साथ ही उपद्रवी तत्वों तथा असमाजिक तत्वों पर पूरी तरह से पुलिस प्रशासन की नजर है। वहीं त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोकने के लिए सभी संबंधित व्यापक मुस्तैदी बरतने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्होंने बरही के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील किया की अपने अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करे।

## राजद नेत्री पूनम यादव ने शादी मोहल्ला में चलाई सदस्यता अभियान

### दो लाख सदस्यों को जोड़ने का है लक्ष्य : पूनम यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




राजद झारखंड प्रदेश के युवा महासचिव पूनम यादव ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए शनिवार को कोनरा पंचायत अंतर्गत शादी मोहल्ला में घर घर जाकर सदस्यता अभियान चला रही है। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं ने राजद का सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही उन्होंने कहा की देश की जनता महंगाई से त्रस्त है। लोगो में राजद की सदस्यता ग्रहण करने के लिए होड़ मची हुई है। पार्टी भी समाज के हर तबके के लोगो को अपने साथ लिए पूरी तरह से सक्रिय है। राजद में सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं में उर्मिला देवी, बैजन्ती देवी, सुनीता देवी, शाहबाज आलम, अमीना खातून, शाहाना खातून, शबनम खातून, अर्चना देवी, गुलशन प्रवीण, आमना खातून, गुलशन प्रवीण, नूरजहां, अमीना खातून, फातिमा खातून, रुकसाना खातून, शमशाद आलम, साजदा खातून सहित कई अन्य महिलाए शामिल है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मनाया गया 75 स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरही इकाई द्वारा शनिवार को राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 75वा स्थापना दिवस (राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस) के रूप में मनाया गया।कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ विमल किशोर की गरिमामई उपस्थिति रही, उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं छात्रों का मार्गदर्शन किया करते हुए कहा विद्यार्थियों का केवल और केवल एक मात्र उद्देश्य शिक्षा ग्रहण करना एवं संस्कारवान समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिचित करना होनी चाहिए। मौके पर विद्यार्थी परिषद के पिंटू यादव, अभिषेक यादव, पिंटू यादव, बिट्टू यादव, अनिल यादव, रोहित यादव, टिंकू कुमार ,प्रवीण यादव, ऋषि वर्मा, रंजीत यादव, रोहित कुमार ,सत्या यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

## चौपारण के विद्यार्थियों ने राष्ट्र छात्र दिवस व एबीवीपी स्थापना दिवस मनाया

### राष्ट्रवाद को मजबूत करने के लिए जरूरी है एबीवीपी : धीरज प्रजापति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




विश्व के सबसे बड़े व प्रभावशाली संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना 9 जुलाई 1949 मे किया गया था। यह संगठन छात्रहित एंव राष्ट्रहित का बात करता है। इसी कडी मे आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस पूरे भारतवर्ष में राष्ट्र छात्र दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। चौपारण इकाई द्वारा चतरा मोड स्थित सोपटेक कोचिग सेंटर मे इसका स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे प्रवास के लिए प्रदेश कार्यसमिति व पुर्व कोलबंस कॉलेज छात्र संघ सचिव प्रिंस राज गुप्ता एंव संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धीरज कुमार प्रजापति के द्वारा किया गया। प्रवास के रूप में प्रिंस राज गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिन्होंने एबीवीपी के बारे में संपूर्ण जानकारी दी एंव धीरज प्रजापति ने छात्रो से आग्राह किए कि देश मे राष्ट्रवाद को मजबूत करने के लिए सभी छात्रो को एबीवीपी से जुड़ना चाहिए। इस दौरान सोपटेक कोचिग के संचालक नीरज चन्द्रवंशी, एबीवीपी के कार्यकर्ता उदय गुप्ता, चंदन कुमार राणा, राहुल चौरसिया, सत्यम रंजन, विकास राज, अर्पित तनु , रूपा प्रजापति, मनीषा, सपना, निशा, लक्ष्मी, प्रियंका, शिवानी रानी, एंव कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में कैलीग्राफी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत में संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को सीसीए के तहत हिंदी कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से लेकर कक्षा दसवां तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। और अपने कला को प्रस्तुत किया, वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों ने अपने कला से लोगों की मन को जीत लिया। प्रतियोगिता दो ग्रुप में आयोजित की गई सीनियर ग्रुप और जूनियर ग्रुप सीनियर ग्रुप में कक्षा सातवां से लेकर कक्षा दसवां तक के विद्यार्थी शामिल थे। और जूनियर ग्रुप में कक्षा तीसरा से लेकर कक्षा छठा तक के विद्यार्थी शामिल थे । सीनियर ग्रुप से नेहा कुमारी और रंजन कुमार कक्षा दसवां से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीँ जिया कुमारी और अमित गुप्ता कक्षा दसवां से ही द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं प्रीति कुमारी और ओम कुमार ने कक्षा दशम तृतीय स्थान प्राप्त किया। और जूनियर ग्रुप से शिवम रजक एवं एमडी जिब्राइल अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीता कुमारी कक्षा छठा और चाहत प्रवीण कक्षा पांचवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । वही सोनम कुमारी कक्षा पांचवां और सृष्टि राणा कक्षा चौथा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम को देखकर विद्यालय प्राचार्य नितेश कुमार ने बच्चों की प्रतिभा को काफी सराहा साथ ही सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा ने बच्चों की उत्साह को देखकर उन्हें काफी हौसला भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय निदेशक टुकलाल साहू, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, शिक्षक नरेश कुमार, अजय कुमार, दाऊद अंसारी, शिक्षिकाएं में प्रियंका कुमारी, कल्पना कुमारी, डिंपल कुमारी, शीला कुमारी, सरिता कुमारी, कोमल कुमारी एवं कविता कुमारी ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी केशो यादव के अँतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत निवासी केशो यादव उम्र 85 वर्ष का आकस्मिक निधन बीते दिन हो गया। निधान का खबर सुनते ही बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा एवं बरही मध्य के जीप प्रतिनिधि गणेश यादव शनिवार को मृतक के परि. जनों से मिलने पहुंचे। साथ ही मृतक के परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। वहीं बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने बताया की केशो यादव के निधन हम सभी के लिए अत्यंत दुखदायी है। वह हमेशा गांव के सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे और इनका निधन से कोल्हुआकला पंचायत में शोक का लहर है। मृतक का अंतिम संस्कार उनका पैतृक गांव में किया गया। मौके पर कोल्हुआकला पंचायत के पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, यमुना यादव, किशोर यादव, कन्हैया यादव, नारायण पंडित, पवन यादव, संजय यादव, किशोर पंडित, गंगाधर यादव सहित गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सरिया थाना क्षेत्र में एक्साइज का पड़ा छापा नकली शराब बारामद एक गिरफ्तार





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज 08जुलाई शुक्रवार को गिरिडीह जिला अंतर्गत सरिया थाना क्षेत्र में एक्साइज का छापा पड़ा। बागोडीह मोड़ पर संचालित सरकारी शराब दूकान में रंजीत पासवान बतौर इंचार्ज कार्यरत है। गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह उत्पाद निरीक्षक बीके सिंह ने सदलबल छापा मारकर शराब दूकान के रैक पर नकली शराब की बोतले बरामद की। इस बाबत मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होने बताया कि आज सरकारी शराब दुकानों की औचक निरीक्षण करने के दौरान सरिया थाना क्षेत्र के बागोडिह मोड पर संचालित सरकारी शराब दूकान से नकली शराब की खेप बरामद की गई जिसमे इंपीरियल ब्लू 180एमएल की 12बोतल और र०यल स्टेज 180एमएल की 40बोतल बराम्द की गई। सरकारी शराब दूकान में रंजीत पासवान उम्र 22वर्ष पिता स्वर्गीय रामदेव पासवान साकिन गोरडीह, थाना बिरनी जिला गिरिडीह निवासी बतौर इंचार्ज कार्यरत हैं। सरकारी शराब की दूकान की आड़ में वह नकली शराब बिक्री का काम कर रहा था। आज उसे नकली शराब के साथ गिरफ़्तार किया गया है और विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। उत्पाद निरीक्षक ने यह भी कहा कि यह अभियान/निरीक्षण गिरिडीह जिला भर में लगातार जारी रहेगी। किसी को भी इस तरह की कोई जानकारी हो तो गिरिडीह उत्पाद विभाग को सुचना दे आपका नाम गुप्त रखा जाएगा और झारखंड सरकार द्वारा जारी इनाम की राशि भी दी जाएगी। आज के इस अभियान में गृह रक्षा वाहिनी बल के साथ जिला पुलिस बल भी शामिल थे।

## धनवार एवं आरागड़ा में झामुमो नेता विनोद विश्वकर्मा ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार में 100 केवी एवं ग्राम आरागड़ा में 63 केवी के ट्रांसफार्मर उद्घाटन किया गया । जिसमे बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड आंदोलनकारी सह बरही विधानसभा क्षेत्र के लो. कप्रिय झा0मु0मो0 नेता बिनोद विश्वकर्मा शामिल हुए। ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विनोद विश्वकर्मा ने फीता काट्कर व नारियल फोड़कर किया । वहीं सभा को संबोधित करते हुए झारखण्ड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया । कार्यक्रम का संचालन झामुमो बरही प्रखण्ड सचिव अब्दुल इम्तियाज उर्फ बब्लू ने किया। कार्यक्रम में सदर धनवार मो0 सेराज, मो0 समीम, सदर आरागडा मो0 इलियास, सचिव मोहम्मद सफीक, ग्रामीण मोहम्मद जब्बार अंसारी, मोहम्मद सरीफ इमाम, मोहम्मद कादीर, मोहम्मद कुर्बान, मोहम्मद ऐनुल, मोहम्मद सिंटू, रब्बर अली, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद शकूर, मोहम्मद कासीम, मोहम्मद असगर, मोहम्मद जलील, मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद गुलफाम, मोहम्मद अहमद अली, मोहम्मद असीम एवं सैकड़ों की संख्या में महिला–पुरुष उपस्थित थे।

## स्वच्छ, शिक्षित, विकसित ,नशा मुक्त करके एक आदर्श पंचायत बनाना मेरा लक्ष्य उप मुखिया रामसुंदर प्रजापति

### पंचायत की जनता के विकास के लिए हर समय हर पल हर कदम तत्पर रहूंगी और सरकारी योज नाओ को धरातल पर उतार कर सभी के बीच प्रदर्शित करूँगी मुखिया सरिता देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरहमोरिया पंचायत भवन में 75 वा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मुखिया सरिता देवी की अध्यक्षता में किया गया संचालन उप मुखिया राम सुंदर प्रजापति ने किए कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वार्ड सदस्य महिला मंडल की दीदी शिक्षक गण, पंचायत के प्रबुद्भजन, अभिभावकगण मुख्य रूप से शामिल हुए सभा को संबोधित करते हुए मुखिया सरिता देवी ने बोले की मैं पंचायत की जनता को निराश नहीं होने दूंगी उन्होंने जो मुझ पर विश्वास करके मुझे जिताया है इस पर मैं खड़ा उतरूंगी और मैं पंचायत की जनता के विकास के लिए ,उनकी मान सम्मान के लिए, हर समय, हर पल ,हर वक्त, हर कदम तत्पर रहूंगी ! कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए उप मुखिया रामसुंदर प्रजापति बोले के पंचायत में बहुत भ्रष्टाचार, कुरीतियां फैली हुई है आप सभी के सहयोग से वह सभी बुराइयो को मिटाते हुए अपना पंचायत को एक नशा मुक्त, शिक्षित, स्वच्छ और आदर्श पंचायत बनाना है और मैं बेजुबान का जुबान और असहाय का हौसला बनूंगा और अपने पंचायत की जनता के लिए आवाज उठा कर एक आशा बना रहूंगा! महिला मंडल की बीआरपी नीलू कुमारी ने मुखिया महोदय से बोले के हम महिला मंडल के लिए पंचायत भवन में एक कमरा दिलाने का काम करे ताकि पंचायत भवन मे बैठ कर महिला उत्थान के लिए हमलोग काम कर सके! वही महिला मंडल की जेआरपी पूजा भारती ने बोले के जो बच्चे टेक्निकल या किसी तरह का ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं वह महिला मंडल से करवाया जाता है उस पर उसने जोर डाल ते हुवे अभिभावक से अपील किये!

रोजगार सेवक राजेश दांगी ने बोले की किसी तरह का सरकारी योजना आती है उसे सप्ताहिक बैठक करके सभी को सूचित करने का काम करूंगा! इस बैठक में मुख्य रूप से मुखिया सरिता देवी, उप मुखिया सह कांग्रेस ओ बी सी के प्रखण्ड अध्यक्ष रामसुंदर प्रजापति ,वार्ड सदस्य संजू देवी ,प्रमिला देवी ,अनीता देवी ,नीलम देवी, मोहन यादव, रोशन कुमार यादव ,जावेद हुसैन बजरंगी दास, कुंती देवी ,बीआरपी नीलू कुमारी, जेआरपी पूजा भारती ,सहायक शिक्षक रामभरोस यादव ,चांद कुमार , कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष उदय कुमार यादव, कांग्रेस पंचायत सचिव कृपाल रवानी, समाजसेवी लील धारी रविदास, भागीरथ यादव, भीखन यादव, संदीप यादव, संजय प्रजापति, गंदौरी यादव ,गिरधारी प्रजापति, बजन यादव, संफुलवा देवी, सविता देवी, पिंकी देवी ,सावित्री देवी सहित सैकड़ो लोग थे!

## जे एस डब्लू पेंट को लेकर बरही में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### अलग अलग पेंट के लिए नही चुकाना होगा अलग दाम : मनोज केशरी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित आर के इंटरनेशनल होटल में जे एस डब्लू पेंट को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं कंपनी के सेल्स मैनेजर रोमित रॉय ने बताया की इस कंपनी का पेंट उपयोग करने वाले ग्राहक को अलग अलग पेंट के लिए अलग अलग राशि नही चुकाना होगा। इतना ही नहीं कलर बनाने के लिए केमिकल का दाम कंपनी वहन करेगी। मौके पर मौजूद जनता हार्डवेयर के संचालक मनोज कुमार केशरी ने बताया की अभी तक जितना भी पेंट का उपयोग ग्राहक कर रहे थे उसके लिए सभी को अलग अलग राशि चुकाना पड़ता था लेकिन जे एस डब्लू पेंट के लिए सभी को एक ही मूल्य चुकाना होगा। इस प्रशिक्षण शिविर छात्रधरी मिस्त्री, विजय महतो, छोटन कुमार, चंदन कुमार एवं अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे।




APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ड्रीम बूस्टर के दो छात्रा नवोदय परीक्षा में पास

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड के ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन से दो बच्चों का नवोदय विधालय परीक्षा 2022 में उत्तीर्ण होने पर संस्थान के सदस्यों ने बहुत बहुत बधाई दी ।परीक्षा पास करने वाली श्रुति राज और महिमा कुमारी को बधाई देते हुए संस्था के निदेशक आईआईटियन केदार प्रसाद ने फ़ोन पर कहा कि यदि मेहनत किया जाये तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। आज ड्रीम बूस्टर फउंडेशन की छात्राओं ने यह साबित कर दिया की परिस्थिति कुछ भी हो हम हार नहीं मानेंगे। संस्थान जुड़े एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद, कैप्टन प्रभात गुप्ता, मनु प्रसाद मेंटर रविकांत प्रसाद, शशि भूषण प्रसाद ललमणि प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, टेक्मनी प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, शैलेश शरद, लक्ष्मण प्रसाद गंगाधर प्रसाद, शंकर प्रसाद, फा. उंडेशन के मुख्य शिक्षक सुरेश प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, यमुना साव, अनिल आजाद,राजू प्रसाद, बोधी प्रसाद, श्री टेकमनी प्रसाद, निरपत प्रसाद और को-फा. उंडर बाबूलाल प्रसाद और संजय प्रसाद ने विश्वास दिलाया की आने वाले समय में हम और बेहतर करने का प्रयास करेंगें। 2022 में हमने 14 बच्चों से शुरुआत की इस बार हम लोगों ने 20 बच्चों का चयन किया है और वो क्लास में काफी अच्छा कर रहें हैं। इतना ही नहीं जिन बच्चों का रिजल्ट नहीं हो पाया है उनकी आगे की पढाई तब तक जारी रहेगा जब तक उनका बुनियाद मजबूत न हो सके

## बड़कागांव मुखिया संघ का चुनाव संपन्न

### रंजीत बने अध्यक्ष ,वासुदेव सचिव एवं सुलेखा कोषाध्यक्ष बने

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : प्रखंड के सांढ़ पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ चुनाव को लेकर मुखिया जनप्रति. निधियों की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी व संचालन पूर्व मुखिया भीखन महतो ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार को अध्यक्ष चुना गया। वही गोंदलपूरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव को सचिव एवं सांढ़ पंचायत के मुखिया सुलेखा कुमारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा संघ में उपसचिव नयाटांड पंचायत मुखिया लीलावती कुमारी, उपाध्यक्ष डाड़ीकला मुखिया मोहम्मद इलियास अंसारी , तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी, कार्यालय सचिव चेपाकला पंचायत मुखिया अनिकेत कुमार नायक, संयोजक सीकरी पंचायत मुखिया प्रभु महतो , बड़कागांव पूर्वी पंचायत मुखिया विमला देवी ,प्रवक्ता मध्य पंचायत मुखिया तक. रीमुल्लाह खान , संगठन सचिव बादम पंचायत मुखिया सुनीता देवी, संरक्षक कमला देवी, को बनाया गया ।मौके पर उप. स्थित पूर्व मुखिया भीखन महतो,सोहन लाल महतो, मंहुगाईकला पंचायत मुखिया बेबी कुमारी, पूर्व मुखिया बिगल चौधरी,पूर्व दीपक कुमार दास ,कांडतरी पंचायत मुखिया पारसनाथ प्रसाद, आँगो पंचायत मुखिया नीलम मींज, कार्यकारिणी सदस्य नयाटांड पंचायत मुखिया लीलावती कुमारी, सिरमा पंचायत मुखिया इस्मत आरा, मोहम्मद वसीम ,चंदौल पंचायत के मुखिया ऐतवरिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि सनित कुमार महतो, साढ पंचायत समिति सदस्य उपेन्द्र प्रसाद, हरली पंचायत मुखिया कविता देवी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को लेकर चोपदार बलिया पंचायत मे शांति समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


शांति समिति की बैठक में शामिल लोग

बड़कागांव : बकरीद पर्व को लेकर चोपदार बलिया पंचायत में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि चंदन पुरी ने किया। संचालन मो. हम्मद फारुख के द्वारा किया गया ।बैठक में चंदनपुरी ने कहा कि बकरीद पर्व शांति पूर्वक एवं सौहार्द के साथ मनाये। और सोशल मीडिया ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट नहीं डालें ।सोशल मीडिया पर प्रशासन व्हाट्सएप एवं सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर है ।आपत्ति. जनक पोस्ट करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई प्रशासन के द्वारा की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया वाहिद हुसैन, वार्ड सदस्य मोहम्मद फारुख, छोटे खान, संजर हुसैन,शोले नायक,मो. सलीम,मो. बादल ,मो.सलीम , मो. अख्तर, सरवर हुसैन, मो. साकिब, मो. ताहिर ,फखरे आलम, मास्टर अकरम, मो. मुर्तजा,अब्दुल कादिर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रखंड में बारिश नहीं हो रही है किसानों को सताने लगी है चिंता कैसे होगी धान की खेती

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : आषाढ़ माह समाप्त होने वाला है लेकिन बड़कागांव प्रखंड में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। पखवाड़े भर से बारिश थम गई है। बा. रिश नहीं होने से प्रखंड में सूखे की स्थिति बनने लगी है। महज कुछ दिनों के अंदर सावन का महीना शुरू होने वाला है । खेतों में हरियाली की जगह सुखा सूखा नजरआ रहा है। खेतों में लगाई गई बीज मरने लगी है खेत में मोटी मोटी दरार में पड़ने लगी है। नदी नालों में बाढ़ की जगह बालु नजर आ रहा है। तालाब और जलाशय भी सूखे हुए हैं। झमाझम बारिश तो इस वर्ष सपना जैसा लग रहा है। ऐसे में किसानों को भी सूखे की आशंका भी सताने लगी है। बारिश न होने से किसानों की परेशानी बढ़ी बरसात नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। अभी तक प्रखंड में 50ः भी धान का बीज नहीं लगाया जा सका है। जहां सिंचाई के लिए कुआं, और जलाशय है वहा पर तो किसानों ने धान का बीज लगा दिया लेकिन जहां सिंचाई का कोई साधन नहीं है वहां पर अब तक धान का बीज नहीं लग पाया है। अब तक धान का बीज भी पूरी तरह से नहीं लगने से किसान चिंतित हैं। जो किसान धन का बीज लगा चुके हैं उनका भी बीज अब पानी कमी से खराब होने के कगार पर है। किसानों का कहना है की अब तक धान की रोपाई शुरू हो जाती थी लेकिन इस वर्ष तो पूरा धान का बीज भी नहीं लग सका है। बुजुर्ग किसान अपने अनुभवों के आधार पर इस साल सूखे की आशंका जाहिर कर रहे हैं। खेतों में लगे धान का बीज बचाने के लिए जी-जान से जुटे किसान किसान का कहना है कि आगे अच्छी बारिश की उम्मीद में खेती के काम में जी-जान से जुटे हैं। किसानों की मजबूरी है कि वे अपने खेत को यूं ही छोड़ भी नहीं सकते। अंतिम दम तक फसल बचाने जोर लगाएंगे। बीज पर कीट प्रकोप बढ़ेगी मुसीबत किसानों ने बताया कि अगर अब भी बारिश नही होती तो धान के बिचड़े में कीट लग जाएगा और बिचड़ा भी सही से तैयार नहीं होगा। खराब मौसम के कारण तनाछेदक रोग तेजी से बढ़ रहा है। इस रोग के रोकथाम के लिए किसानों द्वारा किया गया प्रयास असफल हो रहा है, जिसके चलते किसान परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों ने बताया कि खेतों में जल भराव की कमी के कारण धान के बीज ग्रोथ नहीं कर पा रहे हैं।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी : सरकारी स्कूल में नहीं मिल रहा है एम डी एम,और छात्रों को कम बाटे राशि

### बिना अनुमति को नहीं प्रवेश कर सकते पत्रकार :–अध्यक्ष

बिरनी प्रखंड में इन दिनों में सरकारी स्कूलों का चर्चा का विषय बन चुका है। बता दे कि बिरनी प्रखंड के अंतर्गत आने वाले उत्क्रमित विद्यालय पड़रियाटांड इन दिनों का चर्चा का विषय बना है। चर्चा का विषय इसलिए बना है कि वहाँ के बच्चों को झारखंड सरकार द्वारा जो राशि जितना देना था। वे पूरा नहीं दिया है। जब उस स्कूल में पड़ताल किया गया तो उस स्कूल का प्रधानाचार्य गयाब थे।हालांकि आवेदन देकर गए ।लेकिन एम डी एम भी नहीं बन रहा था।जब बच्चों से पूछा गया तो बातया की खाना नहीं मिल रहा है। जब प्रधानाचार्य से फ़ोन से सवाल किया गया तो वह रिपोर्टर पर ही भड़क कर बोले कि रसोई नहीं आई है। वे शादी घर चले गए। वही दूसरा दिन भी पड़ताल किया तो रसोई घर बन्द था।औऱ भोजन नहीं बनाया गया। जब आवेदन देखने को बोला तो उन्होंने ने बताए कि आप कोई अधिकारी है या कोई मिस्टर।



इजाउल अन्सारी



हसनैन अन्सारी

**स्कूल के बच्चों ने क्या कहा :हमको 800 रुपये मिला है औऱ दो दिनों से खाना भी नहीं मिल रहा है।रसोई क्यों नहीं आ रही है हमें पता नहीं।**

और प्रधानाचार्य ने बताया जो करना है कर लो हमे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। इस भाषा से साफ पता चलता है। कि प्रधानाचार्य ने इस भाषा निकलने के लिए किसी का सहारा लेकर पत्रकार पर भड़कते है। जिसमें स्कूल के अध्यक्ष ने कहा कि ये कोई नियम नहीं कि कोई भी पत्रकार अध्यक्ष या सचिव के बिना इजाजत से स्कूल के अंदर आ सकता है। तो सवाल उठना स्वाभाविक है। की जिस स्कूल में पत्रकारों को घुसने से मना किया जाएगा तो उस स्कूल में कुछ तो दाल में काला है। शिक्षा विभाग इस चीज का जांच करें।

## अनियंत्रित होकर पलटी कार, एक व्यक्ति की मौत, तीन लोग घायल





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां थाना क्षेत्र के केंदुआडीह में गावां – तीसरी मुख्य पथ पर शनिवार की सुबह कार पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि तीन लोग घायल हो गए जिसमे दो स्थिति गंभीर है। जानकारी के अनुसार चालक समेत कार में 5 लोग सवार थे जिसमे तीसरी थाना क्षेत्र के गम्हरियाटाँड निवासी प्रभात लाल बरनवाल पिता स्व सरजू लाल बरनवाल, कविता देवी पति राजेन्द्र प्रसाद, पूनम देवी पति मनोज बरनवाल और मीरा देवी पति दीपक कुमार बरनवाल सामिल है। ये लोग सभी एक ही परिवार के है जो नवादा से एक शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान केंदुआडीह के पास अनियंत्रित होकर कार सड़क से खेत मे जा गिरा। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस के द्वारा सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया डॉ काज़िम खान ने देखते ही प्रभात लाल बरनवाल को मृत घोषित कर दिया। घायलों में दो महिलाओं की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया गया और एक महिला को इलाज कर घर भेज दिया गया।इधर थाना प्रभारी पिंटू कुमार से पूछे जाने पर बताया कि केंदुआडीह के पास सड़क दुर्घटना में प्रभात लाल बरनवाल की मौत हो गई जिसे पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## सिंचाई के लिए कोनार नहर में पानी छोड़ने की मांग

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

खरीफ फसल के पटवन की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कोनार नहर में पानी छोड़ने की मांग की है। इसे लेकर कोनार नहर सिंचाई प्रमंडल, बगोदर के कार्यपालक अभियंता को ग्रामीणों ने दर्जनों हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा है। कहा है कि क्षेत्र में बारिश की स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे में धान की खेती प्रभावित हो रही है। कोनार नहर में पानी छोड़ने से प्रखंड के सिरैय, अचलजामो तथा करगालो के किसानों को पटवन का लाभ मिलता। पत्र में पूर्व मुखिया राजेन्द्र महतो, खीरो साव, मुकेश कुमार साव, गीता देवी, टहल कुमार, उगन साव समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।




## इम्पीरियल पब्लिक विद्यालय बरमसिया के लिए एक और गौरव का पल

### कक्षा 6 के लिए प्रीति कुमारी का हुआ जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



जानकारी के मुताबिक बता दे कि ग्राम छतवाटांड निवासी दामोदर साव की पुत्री प्रीति कुमारी जो कि इंपीरियल पब्लिक स्कूल बरहमसिया मोड में कक्षा छह में अध्ययनरत थी आज उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 के लिए हो गया। ईस खुशी के मौके पर प्रीति के पिताजी दामोदर साव ने बताया कि यह रिजल्ट उनकी बेटी के मेहनत का फल है और आशीर्वाद देते हुए कहा कि आगे भी उनकी बेटी सफलता की कदम चूमे ! साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक– शिक्षिकाएं समेत प्रबंधन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि एक सफल नेतृत्व के कारण ऐसा कुछ हो पा रहा है । वही प्रीति कुमारी ने सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक सह विद्यालय के शिक्षक अजहर उद्दीन अंसारी को दिया और शिक्षक अजहर उद्दीन अंसारी ने बताया कि प्रीति कुमारी ऐक मेहनती छात्रा है ओर यह रिजल्ट उसके मेहनत का फल है। प्रधानाध्यापक रोहित कुमार ने इस रिजल्ट पर खुशी जाहिर करते हुए हुए कहा कि प्रीति कुमारी समेत जितने भी अन्य बालक बालिकाओं का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है उनके तैयारी में करवाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है इसलिए वे सभी अपने सहयोगी शिक्षक शिक्षिकाओं का धन्यवाद करते हैं और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के संस्थापक नागेश्वर प्रसाद ओर चंद्रशेखर वर्मा ने रिजल्ट पर खुशी जाहिर करते हुए प्रीति कुमारी को शुभकामनाएं दी।

## इंटरमीडिएट के सफल छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गांवा हाट परिसर में शनिवार को सहयोग डिग्री क०लेज बिरनी के बैनर तले प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से गांवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महेंद्र दास, प्रखण्ड प्रमुख ललिता देवी, थाना प्रभारी पिंटू कुमार एवं गांवा मुखिया कन्हाय राम उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ होने के बाद सभी अतिथियों ने 12वी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महेन्द्र दास ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चो को बहुत बहुत बधाई और आगे भी इसी प्रकार अच्छे प्रदर्शन करने की मै कामना करता हूं। साथ ही कार्यक्रम को आयोजित करने वाले महाविद्यालय प्रबंधक को धन्यवाद देता हूं क्योंकि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चे प्रभावित होकर और भी बेहतर करेंगे। वही थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सभी बच्चों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों की योगदान को याद करते हुए कहा कि अभी तक बच्चे अपने अपने अभिभावकों के देख रेख में शिक्षा ग्रहण करते हैं, इससे उनका माहोल अच्छा रहता है और उच्च शिक्षा के लिए बच्चो को अपने अभिभावकों से दूर जाना पड़ता है जिसमे छात्र नियमित नही रह पाते हैं और शिक्षा की स्थिति में बदलाव आ जाता हैं लेकिन उन्होंने बच्चो से अपील किया है कि आगे भी अपने परिजनों की दिशा निर्देश को कायम रखते हुए अपना प्रदर्शन और ज्यादा बेहतर करने की जरूरत है। प्रखंड प्रमुख ललिता देवी ने कहा कि प्रखण्ड के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र मे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, ये हमलोग के लिए गर्व की बात है। सभी आगे भी अच्छे प्रदर्शन करते रहें यही कामना है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चो का हौसला अफजाई होगा और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे । गांवा मुखिया कन्हाय राम ने कहा कि आज प्रखंड के बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जो हम सब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बच्चो से और बेहतर प्रदर्शन करने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वो दहाड़ेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय सचिव पंकज कुमार राणा ,विकास यादव ,सागर चौधरी आदि का अहम योगदान रहा।

## भव्य शिवालय निर्माण की रखी गई आधारशिला

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बीघा स्थित चंद्रवंशी परिसर में पुराने मंदिर को हटाकर नए मंदिर निर्माण को लेकर शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। इस दौरान अरुण इंद्र गुरु ने पूरे विधि विधान और देवताओं के आह्वान के साथ मंदिर निर्माण की आधारशिला को लेकर भूमि पूजन किया। पूजन में इटखोरी के अशोक चंद्रवंशी सपरिवार सम्मिलित हुए। इस दौरान इटखोरी, मयूरहंड, चौपारण, बरही, बरकट्ठा, कैंडीनगर के हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले से बड़ी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोगों ने उपस्थिति दर्ज की। पूजन के बाद आयोजित बैठक को संबो. धित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी ने कहा कि लगभग 70 लाख की लागत से मंदिर का निर्माण होना है। इस मंदिर के निर्माण करने में सभी लोगों से सहयोग का आह्वान किया गया । बताया गया कि हर वर्ग और समाज के लोगों के सहयोग से इस भव्य शिव मंदिर का निर्माण किया जाएगा। बताते चले कि इस परिसर में हर साल सैकड़ों शादी विवाह का आयोजन होता है। जिसमें समाज के सबसे निचले तबके के लोग बेहद रियायत और कम खर्च में अपनी शादी कर पाते हैं । पूर्व के सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कई विकास योजनाओं का संचालन भी इस स्थल पर हुआ है। ऐसे में जर्जर मंदिर को हटाकर नए शिव मंदिर निर्माण को लेकर सभी में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है । बैठक में अध्यक्ष राम केश्वर चंद्रवंशी ,सचिव देवधारी चंद्रवंशी ,कार्यकारी अध्यक्ष छतर धारी चंद्रवंशी, करुणा चंद्रवंशी, अशोक राम चंद्रवंशी, राजेंद्र राम चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी , महेंद्र चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी ,सुनील शेखर, मदन चंद्रवंशी , लखन चंद्रवंशी, राम जन्म चंद्रवंशी, आशीष चंद्रवंशी, लव कुमार चंद्रवंशी , आनंद चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी ,प्रदीप चंद्रवंशी, विनय चंद्रवंशी, सरोज चंद्रवंशी ,भीम चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे सभा का संचालन शशि शेखर ने किया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बकरीद के एक दिन पूर्व बी डी ओ एक थाना प्रभारी ने किया बकरीद को लेकर जमरी और इस्लामपुर में बैठक

### बैठक में गांव के दोनो समुदाय के दजनो लोगो ने किया शिरकत

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुर एवं जमरी बक्सपुरा गांव में बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता बी डी ओ हुलास महतो ने किए ।बैठक में स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। शांति समिति का अध्यक्ष कर रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बकरीद के पावन त्योहार में कोई खलल डालेगा उसे प्रशासान कभी भी नही बख्शेगी ।उन्होंने कहा कि जो भी लोग कानून को हाथ मे लेंगे उन पर कानूनी कावाई की जाएगी ।चाहे जिस भी पक्ष के हो उन पर सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा ।वहीं थाना प्रभारी विकास पासवान ने कहा कि पर्व त्योहार में जो भी हुड़दंग करेंगे उन पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ।उन्होंने कहा कि गलत करने वालो को पुलिस सबक सिखाएगी ।मौके पर आफताब हुसैन,राजेन्द्र राम,मो .अनवर मियाँ, इकबाल मियां, युगेश्वर रजक,बाबूचंद पासवान,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 11 जून को धूमधाम से मनेगा स्वर्गीय महावीर साहू का द्वितीय पुण्यतिथि : सीताराम साव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बरही विधानसभा के सर्वमान्य नेता दिवंगत महावीर साहू के द्वितीय पुण्यतिथि को धूमधाम से मनेगा द्वितीय पुण्यतिथि। उक्त बातो की जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि सह साहू समाज के अनुमंडलीय अध्यक्ष सीताराम साहू ने बताया आगामी 11 जून को उनके बरही स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि स्वर्गीय महावीर साहू जी ने अपना पूरा जीवन भाजपा के लिए निष्ठापूर्वक समर्पित रहे । श्रद्धांजलि सभा मे राज्य, जिला व प्रखण्ड स्तर ने नेताओ व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। सीताराम साहू ने कहा की महावीर साहू के सामाजिक व राजनीतिक में अतुलनीय योगदान के प्रति पूरा साहू समाज जीवन भर ऋणी रहेगा। उन्होंने पूरा जीवन दुसरो के लिए समर्पित कर दिया। सीताराम ने बताया कि उनके पुण्यतिथि मनाने के लिए तैयारियां पूरी कर लिया गया है।

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्यवाई : एसडीएम खोरीमहुआ

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : बकरीद त्योहार के मद्देनजर शनिवार को खोरीमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने गावां प्रखण्ड के कई गांवों का दौरा कर त्योहार को शांति एवं सौ. हार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्देश दिया। कहा कि बकरीद के अवसर पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी हाल में नही होना चाहिए। साथ ही साथ असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है और अफवाह फैलाने वालों को किसी भी हाल में नही बख्सा जाएगा। खास कर युवा वर्ग के लोगों एवं ग्रुप संचालकों को चेतावनी दी गयी की सोशल मीडिया पर बेकार की अफवाह फैलाने से परहेज करें। साथ ही उन्होंने समाज के बुद्धिजीवियों से अपील किया है की समाज के उदंड प्रवृति के लोगो पर विशेष ध्यान रखे और छोटी मोटी घटनाओं को सामंजस्य बना कर हल करने का प्रयास करे। मौके पर गावां थाना प्रभारी पिन्टू कुमार, पूर्व जीप सदस्य इमरान अंसारी, नगवां मुखिया मेराज उद्दीन, मालडा मुखिया प्रतिनिधि नन्दू सिन्हा आदि लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के डंडिया वन रक्षाबंधन में दिखी महिलाओं की भागीदारी

### प्रभातफेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लोगों ने सराहा

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ के डंडिया वन के रक्षाबंधन में जुटे ग्रामीण।

वन तथा वन्य जीवों की रक्षा, संवर्धन तथा विस्तार के उद्देश्य को लेकर शनिवार को प्रखंड के बकसपुरा स्थित डंडिया जंगल का रक्षाबंधन किया गया। इसके पूर्व स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निक. ाली गई। जिसमें पर्यावरण जागरूकता संबंधी विविध नारों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। डंडिया वन पहुंचकर वनदेवी की विधि-विधान से पूजा आराधना की गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, बच्चे एवं युवा शामिल हुए। सबों से सामूहिक रूप से वन की रक्षा करते हुए पेड़-पौधे नहीं काटने, नए पौधे लगाने तथा इसके संवर्द्धन का संकल्प लिया। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण हुआ। डंडिया जंगल स्थित कार्यक्रम स्थल पर पर्यावरण जागरूकता से संबंधित कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्. तुति हुई। जिसे लोगों की खूब सराहना मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया ननकू महतो व संचालन पोखन महतो ने किया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ब्रह्मभट्ट एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ राय ने कहा कि यदि स्वस्थ जीवन जीना है तो जंगल व पर्यावरण को बचाइये। यदि पेड़ लगा नहीं सकते तो लगे हुए पेड़ को बचाने का प्रयास करें। यह संपूर्ण मानव जीवन के लिए लाभदायी होगा। मुखिया ने कहा कि जंगल की रक्षा सामूहिक सहयोग से संभव है। इसे बचाने में महिलाओं को भी आगे आना होगा। ग्रामीण सर्वप्रथम जंगल में पालतू मवेशियों को चराना बन्द करें। वनरक्षी उदय कुमार केसरी ने विभाग से यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर वनरक्षी बिनोद कुमार, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, महादेव महतो, प्रकाश महतो, पूरणचंद महतो, धनी महतो, कुलदीप महतो, रेखा देवी, सुनीता देवी, यशोदा देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।


## मृतक कैलाश प्रजापति के पीड़ित परिवार से मिलने दैहर पहुँचे अरुण साहू, दिया सांत्वना

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



दैहर निवासी कैलाश प्रजा. पति के संदिग्ध अवस्था में मौत मामले में राजनितिक सरगर्मी तेज़ हो गया है। पीड़ित को न्याय व दोषियो को सजा दिलाने की मांग बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कांग्रेस नेता अरुण साहू अपने समर्थक संग दैहर पहुँचे। इस दौरान पीड़ित परिवार से मिलकर अरुण साहू ने घटना के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मृतक को न्याय मिले और दोषियो को सजा मिले। अरुण साहू ने कहा कि पुलिस प्रशासन मामले का निष्पक्षता से जाँच पड़ताल करें और जल्द से जल्द मामले का उजागर करें। अरुण साहू ने कहा कि घटना की जितनी निंदा किया जाए कम होगा। कहा मामले से राज्य सरकार के सीएम व अन्य मंत्रियो को अवगत कराऊंगा। मृतक को न्याय मिलने तक हम पीड़ित परिवार के साथ है। मृतक परिजनों को भविष्य में भी मदद करता रहूंगा। मौके पर नागेंद्र दांगी, विक्रम कुमार, बबन कुमार सिंह नंदकिशोर बर्णवाल, बसंती देवी, राजदेव प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, रविन्द्र प्रजापति, ननकू प्रजापति, विजय गुप्ता छोटन ठाकुर, बब्लू साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार